खण्ड 2 संख्या 22

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

## ( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

सत्यमेव जयते

**दिनांक : 20 जून, 1995 ई०**

2. यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के भवनों का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती हैं, हाँ तो कतबतक नहीं तो क्यों?

**श्री जयप्रकाश नारायण यादव** : 1 उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक हैं।

2. जिला पदाधिकारी, जमुई से पत्रांक-217 दिनांक 17-6-95 द्वारा अनुरोध किया गया हैं कि प्रासंगिक विद्यालय भवनों का जीर्णोद्धार जिला योजना में उपलब्ध राशि से करवा दें।

## अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति

***1298. श्री छत्रुराम महतो** : क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि :-

1. क्या यह बात सही है कि स्व० हरिहर रविदास शिक्षक प्राथमिक विद्यालय नायक विधा अंचल प्रतापपुर जिला चतरा की मृत्यु सेवा अवधि में दिनांक 29-4-83 को हो गई है,

2. क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधान के तहत अनुकम्पा के आधार पर नौकरी हेतु स्व० रविदास के पुत्र श्री मनोज कुमार दास ने दिनांक 5-9-83 को शिक्षा अधीक्षक चतरा (हजारीबाग) के पास आवेदन किया है, जो अभी तक लम्बित है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार स्वर्गीय हरिहर के आश्रित पुत्र को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

**श्री जयप्रकाश नारायण यादव** : 1. 2. 3. जिला शिक्षा अधीक्षक से सूचना प्राप्त की जा रही हैं अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति के लिए निर्धारित मापदण्ड के आलोक में लम्बित मामले का शीघ्र निष्पादन करा दिया जायेगा।

## अतिरिक्त बस का परिचालन

***1300. श्री प्रशान्त कुमार** : क्या मंत्री परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि :-

1. क्या यह बात सही है कि गोड्डा रामगढ़ दुमका पथ में मात्र एक ही सरकारी बस का चालन होता है;

2. क्या सरकार नागरिकों की सुविधा हेतु और दो अतिरिक्त बस इस पथ में देना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

**श्री इन्दर सिंह नामधारी** : 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. निगम द्वारा खराब बसों की मरम्मति का कार्य कराया जा रहा है। गाड़ी उपलब्ध होने पर निगम द्वारा और बस चलाने पर विचार किया जाएगा।

## विद्यालय का सरकारीकरण

***1303. श्री अश्वनी कुमान चौबे** : क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि :-

1. क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाराहाट प्रखंड के ग्राम खंडहरा में वर्ष 1988-89 से शहीद सतीश झा के नाम से एक कन्या प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चल रहा है, जो सभी सरकारी शर्त्तों को पूरा करती है,